अनमोल वचन

"सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 181 मूल्य : 5 रू पृष्ठ : 8

बुधवार 20 मई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


## संक्षिप्त न्यूज

### आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने 'आयुष अनुदान पोर्टल' का किया शुभारंभ



नई दिल्ली ।आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने मंगलवार को नई दिल्ली में 'आयुष अनुदान पोर्टल' का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य आयुष क्षेत्र में डिजिटल शासन को मजबूत करना और पारदर्शिता बढ़ाना है। इस पोर्टल को आयुष मंत्रालय ने 'आयुष ग्रिड' पहल के तहत विकसित किया है।इस अवसर पर श्री जाधव ने कहा कि 'आयुष ग्रिड' सरकार की एक दूरदर्शी डिजिटल पहल है। इसका लक्ष्य आधुनिक तकनीक का उपयोग करके आयुष क्षेत्र के लिए एक एकीकृत, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित डिजिटल इकोसिस्टम स्थापित करना है। श्री जाधव ने आगे कहा कि यह आयुष क्षेत्र की अनुदान प्रबंधन प्रणाली में बड़े बदलाव लाएगा।

इस प्लेटफॉर्म के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य अनुदान प्रबंधन प्रक्रिया में शत-प्रतिशत पारदर्शिता, दक्षता, जवाबदेही और आसान पहुंच सुनिश्चित करना है।

### दो दिवसीय ब्रिक्स युवा उद्यमिता कार्य समूह की बैठक आयोजित करेगा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

मध्य प्रदेश ।युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता में कल से मध्य प्रदेश के इंदौर में दो दिवसीय ब्रिक्स युवा उद्यमिता कार्य समूह की बैठक का आयोजन करेगा। इस दो दिवसीय बैठक में केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का आभासी संबोधन भी होगा।मंत्रालय ने बताया कि यह बैठक 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता का निर्माण' के व्यापक विषय के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। इस बैठक में युवा उद्यमी और ब्रिक्स सदस्य देशों के प्रतिनिधि एक साथ आएंगे। इसका उद्देश्य युवा नेतृत्व वाले उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर संवाद को प्रोत्साहित करना है।

## पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी.देवेगौड़ा के 93वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री संग्रहालय ने किया विशेष प्रदर्शनी का आयोजन

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री संग्रहालय ने पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी.देवेगौड़ा का 93वां जन्मदिन एक विशेष प्रदर्शनी के साथ मनाया, जिसमें उनकी निजी वस्तुएं, तस्वीरें और महत्वपूर्ण दस्तावेज दिखाए गए। संग्रहालय ने पूर्व प्रधानमंत्री पर एक वृत्तचित्र भी जारी किया।

मीडिया से बात करते हुए, प्रधानमंत्री संग्रहालय और



पुस्तकालय के निदेशक अश्विनी लोहानी ने कहा कि यह संग्रहालय भारत के सभी प्रधानमंत्रियों के योगदान को दिखाता है और देश की लोकतांत्रिक यात्रा से लोगों को जोड़ने के लिए उनके जन्मदिन मनाता है। श्री लोहानी ने कहा कि इस प्रदर्शनी का मकसद नई पीढ़ी को श्री देवेगौड़ा के जीवन और काम से परिचित कराना और भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने नागरिकों, खासकर युवाओं से संग्रहालय आने और देश के प्रधानमंत्रियों के योगदान के जरिए भारतीय लोकतंत्र के विकास को देखने की अपील की।

अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2026 के मौके पर, संग्रहालय ने 'कॉस्मोस ऑफ कल्चर' नाम से एक महीने तक चलने वाली प्रदर्शनी भी आयोजित की, जिसमें समुदायों, पहचान और सांस्कृतिक विरासत को उजागर किया गया।

## सर्वोच्च न्यायालय ने जनसुरक्षा को देखते हुए रेबीज संक्रमित कुत्तों को मारने की अनुमति दी

नई दिल्ली (एजेंसी)।सर्वोच्च न्यायालय ने जनसुरक्षा को देखते हुए रेबीज से संक्रमित, लाइलाज बीमारी से ग्रस्त या अत्यधिक खतरनाक कुत्तों को पहली बार मौत का इंजेक्शन दिए जाने की अनुमति दी है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने देश में लावारिस कुत्तों की बढ़ती संख्या की समस्या से निपटने के मद्देनजर कई निर्देश जारी किये हैं।

न्यायालय ने कहा कि उन क्षेत्रों में कुत्तों को मौत का इंजेक्शन दिया जा सकता है जहां कुत्तों की आबादी खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है और जहां कुत्तों के लगातार काटने और आक्रामक हमलों की घटनाओं से जन सुरक्षा खतरे में पड़ रही हो।

न्यायालय द्वारा यह आदेश लावारिस कुत्तों के काटने और रेबीज के मामले से जुडी मीडिया की खबरों के बाद पिछले वर्ष 28 जुलाई को स्वतरू संज्ञान के मामले में जारी किया गया है।इस बीच, शीर्ष न्यायालय ने लावारिस कुत्तों को आश्रय स्थल भेजने और नसबंदी करने के अपने पहले के आदेश को वापस लेने की मांग से जुड़ी याचिकाओं को खारिज कर दिया।

## गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में बस्तर में केंद्रीय क्षेत्रीय परिषद की बैठक शुरू



छत्तीसगढ़(ब्यूरो)। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में केंद्रीय क्षेत्रीय परिषद की उच्च-स्तरीय बैठक शुरू हो गई है। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। केंद्रीय क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भाग ले रहे हैं। केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया विभाग के निदेशक, चारों राज्यों के पुलिस महानिदेशक, तथा वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी इस बैठक में शामिल हो रहे हैं।

## भारत और स्वीडन ने वैश्विक अनिश्चितता के दौर में सहयोग और साझा समृद्धि बढ़ाने पर सहमति जताई



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और स्वीडन ने फैसला किया है कि वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में सहयोग, साझा समृद्धि और सतत भविष्य का रास्ता तय करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन द्वारा लिखे गए एक लेख में इस बात का उल्लेख किया गया है कि बढ़ते भू-राजनीतिक अनिश्चितता, ऊर्जा असुरक्षा और आर्थिक बिखराव के इस समय में, दुनिया के सामने एक निर्णायक विकल्प है या तो संकीर्ण राष्ट्रीय सोच की ओर लौट जाना, या फिर अपनी साझेदारियों को और मजबूत बनाना।इस लेख में, दोनों प्रधानमंत्रियों ने इस बात का जिक्र किया है कि जैसे-जैसे संयुक्त राष्ट्र अपनी 80वीं वर्षगांठ मना रहा है, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और बहुपक्षवाद का महत्व और भी अधिक स्पष्ट हो गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इसके साथ ही, वैश्विक शासन संस्थाओं में सुधार की जरूरत को अब नजरअंदाज करना असंभव हो गया है, ताकि वे आज की वास्तविकताओं को सही ढंग से दर्शा सकें।

दोनों नेताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून और संप्रभु समानता पर आधारित, नियमों से संचालित एक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था ने दशकों तक स्थिरता और विकास सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है। लेख में यह भी बताया गया है कि एक प्रमुख विकास इंजन और 'ग्लोबल साउथ' की एक जिम्मेदार आवाज के तौर पर, भारत ने निकट भविष्य के लिए दो अहम लक्ष्य निर्धारित किए हैंरू 2047 तक 'विकसित देश' का दर्जा हासिल करना और 2070 तक 'नेट जीरो' उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करना।

दोनों नेताओं ने 2030 तक भारत-स्वीडन गठबंधन के विस्तार और उसे और अधिक गहरा करने का आह्वान किया हैय साथ ही, उन्होंने अन्य देशों-विशेष रूप से मजबूत नवाचार तंत्र और स्वच्छ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी 'नॉर्डिक साझेदारों'-को भी इस प्रयास में शामिल होने और सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए आमंत्रित किया है।

# पूर्वोत्तर राज्यों के कारीगरों और बुनकरों से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने की मुलाकात



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के पूर्वोत्तर राज्यों के कारीगरों और बुनकरों के एक समूह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से आज राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी प्रतिभा दर्शाने के लिए मंच प्रदान करने पर राष्ट्रपति का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रपति ने कारीगरों और बुनकरों को सहायता देने की जरूरत पर बल दिया ताकि उनका हुनर अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके और वे आत्मनिर्भर बन सके।

## सीबीआई ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में महाराष्ट्र की 'रेणुकाई केमिस्ट्री क्लासेस' में चलाया तलाशी अभियान

नई दिल्ली (एजेंसी)।केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र के लातूर जिले में स्थित 'रेणुकाई केमिस्ट्री क्लासेस' कोचिंग सेंटर में एक और तलाशी अभियान चलाकर, नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में अपनी जांच तेज कर दी है।

सूत्रों के अनुसार, सीबीआई की एक टीम कल इस संस्थान में गई थी और उसने जांच से जुड़े कई दस्तावेज, कंप्यूटर रिकॉर्ड और शैक्षणिक सामग्री की जांच की।

बताया जा रहा है कि अधिकारी कथित मॉक प्रश्न पत्रों, छात्रों के संपर्क रिकॉर्ड, परीक्षा से पहले दिए जाने वाले मार्गदर्शन सत्रों और संदिग्ध पेपर लीक नेटवर्क से संभावित संबंधों की बारीकी से जांच कर रहे हैं।

## दिल्ली में पेट्रोल और डीजल 90 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ




नई दिल्ली (एजेंसी)। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज लगभग 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई, जो एक हफ्ते से भी कम समय में दूसरी बढ़ोतरी है। दिल्ली में, पेट्रोल की कीमत अब 98 रूपये 64 पैसे प्रति लीटर है, जबकि डीजल की कीमत 91 रूपये 58 पैसे है। मुंबई में, पेट्रोल 107 रूपये 59 पैसे और डीजल 94 रूपये 8 पैसे प्रति लीटर बिक रहा है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमतें 109 रूपये 70 पैसे और डीजल की 96 रूपये 7 पैसे दर्ज की गई, जबकि चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 104 रूपये 49 पैसे और डीजल की 96 रूपये 11 पैसे प्रति लीटर है।यह वृद्धि 15 मई को हुई 3 रूपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के कुछ दिनों बाद हुई है। चार साल से ज़्यादा समय में ईंधन की कीमतों में यह पहला बदलाव था। यह बढ़ोतरी ईरान संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य में रुकावटों के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेजी के बाद हुई है।

## आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने 'युवा संगम' के तहत महाराष्ट्र के छात्रों से बातचीत की



आंध्र प्रदेश(एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने कल विजयवाड़ा के लोक भवन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के अंतर्गत आयोजित 'युवा संगम' कार्यक्रम के तहत राज्य का दौरा कर रहे महाराष्ट्र के छात्रों से बातचीत की। विभिन्न शिक्षण संस्थानों के स्नातक, स्नातकोत्तर और शोधार्थियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच मजबूत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध हैं। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश एक प्रमुख निवेश केंद्र और समुद्री उत्पादों का अग्रणी निर्यातक बनकर उभरा है। राज्यपाल ने कहा कि अमरावती को विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और अमरावती क्वांटम वैली जैसी नवाचार-संचालित परियोजनाओं के साथ एक राजधानी शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि एम्स मंगलागिरी, आईआईटी तिरूपति, आईआईएसईआर तिरूपति और आईआईएम विशाखापत्तनम सहित कई प्रमुख संस्थानों के साथ आंध्र प्रदेश तेजी से शिक्षा और नवाचार केंद्र के रूप में उभर रहा है।

इस दौरे के दौरान, छात्र प्रतिनिधिमंडल ने अमरावती के रायपुडी स्थित एपीसीआरडीए मुख्यालय का भी दौरा किया।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 6-लेन राजमार्ग का निरीक्षण किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज छह-लेन वाले एक्सेस-नियंत्रित डीएनडी-सोहना राजमार्ग संख्या-148एनए का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए, श्री गडकरी ने कहा कि दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में 87 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली लगभग 1 हजार 850 किलोमीटर की सड़क परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि 225 किलोमीटर लंबी, 13 हजार करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं अभी निर्माणाधीन हैं, जबकि लगभग 34 हजार 500 करोड़ रुपये की परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। श्री गडकरी ने कहा कि एक्सप्रेसवे, रिंग रोड, सुरंगों और एलिवेटेड कॉरिडोर के माध्यम से, सरकार दिल्ली-एनसीआर के पूरे परिवहन नेटवर्क का आधुनिकीकरण कर रही है और इसे भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि ये बुनियादी ढाँचा परियोजनाएँ ईंधन बचाने, प्रदूषण कम करने, लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार करने और आर्थिक विकास को गति देने में मदद करेंगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केंद्र और दिल्ली सरकार अब आपस में घनिष्ठ समन्वय के साथ काम कर रहे हैं और राष्ट्रीय राजधानी को इस सहयोग का अधिकतम लाभ मिल रहा है। उन्होंने राजमार्ग निर्माण में लाखों टन शहरी कचरे के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए श्री गडकरी को धन्यवाद दिया, और कहा कि इस पहल से दिल्ली को सीधे तौर पर लाभ हुआ है, क्योंकि इससे शहर के कचरे के ढेरों की ऊँचाई कम करने में मदद मिली है।इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, अजय टम्टा, कृष्ण पाल गुर्जर, सांसद और विधायक उपस्थित थे।

## रेलवे ने किऊल-झाझा तीसरी लाइन परियोजना के लिए 962 करोड़ मंजूर किए




नई दिल्ली (एजेंसी)। रेलवे ने 54 किलोमीटर लंबे किऊल-झाझा तीसरी लाइन प्रोजेक्ट को 962 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है। रेल मंत्रालय ने कहा है कि यह प्रोजेक्ट भारतीय रेलवे के हाई ट्रैफिक डेंसिटी नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इससे पूर्वी और उत्तरी भारत में यात्री और माल ढुलाई, दोनों को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि यह प्रोजेक्ट, बहुत ज़्यादा इस्तेमाल होने वाले हावड़ा-दिल्ली कॉरिडोर पर क्षमता को बढ़ाएगा और रेल सेवाओं की समय की पाबंदी और ऑपरेशनल लचीलेपन को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

उन्होंने कहा कि यह अतिरिक्त लाइन इंफ्रास्ट्रक्चर, यात्री और मालगाड़ियों की बिना किसी रुकावट के आवाजाही को आसान बनाएगा, साथ ही इस पूरे क्षेत्र में औद्योगिक विकास और व्यापारिक संपर्क को भी बढ़ावा देगा।

# भारत-नॉर्डिक सम्मेलन में शामिल हुए पीएम मोदी, कहा भारत में नॉर्डिक देशों का निवेश 200: तक बढ़ा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नॉर्डिक देशों के साथ भारत की भागीदारी को पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकी और नवाचार रणनीतिक भागीदारी के स्तर पर ले जाने का निर्णय लिया गया है। नार्वे की राजधानी ओस्लो में आयोजित तीसरे भारत नॉर्डिक सम्मेलन के बाद श्री मोदी ने कहा कि भारत और नॉर्डिक क्षेत्र सतत विकास में नॉर्डिक देशों की विशेज्ञता को भारत के व्यापक स्तर के साथ जोड़कर भविष्य के लिए भरोसेमंद वैश्विक समाधान विकसित कर सकते हैं। श्री प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-नॉर्डिक संबंधों में वृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में व्यापार में चार गुना वृद्धि हुई है और भारत में नॉर्डिक देशों का निवेश 200 प्रतिशत तक बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इस वृद्धि ने न केवल भारत के विकास में योगदान दिया है कि बलकि नॉर्डिक देशों में रोजगार के अवसर भी सृजित किये हैं ।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्नत भागीदारी के जरिये प्रत्येक नॉर्डिक देश की विशेषज्ञताओं का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आइसलैंड की भूतापीय ऊर्जा और मत्स्य क्षेत्र में विशेषज्ञता, नार्वे की समुद्री अर्थव्यवस्था और आर्किटिक मामलों में विशेषज्ञता, स्वीडन की उन्नत निर्माण और रक्षा तकनीकी, फिनलैंड की दूरसंचार और डिजिटल प्रौदयोगिकी तथा डेनमार्क की साइबर सुरक्षा और स्वास्थ्य तकनीकी क्षेत्र में विशेषज्ञता है।

उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच अनुसंधान, कौशल विकास और प्रतिभा के आदान प्रदान को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालयों, प्रयोगशालाओं, स्टार्टअप तंत्र के स्तर पर सहयोग मजबूत किया जा रहा है।

सांस्कृतिक संबंधों को साझा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संबंध शब्द का अर्थ भारत और नॉर्डिक भाषा में एकसमान है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि यह आगे बढ़ रहे घनिष्ठ और अधिक सार्थक संबंधों में भी प्रदर्शित होगा। नॉर्डिक देशों के नेताओं ने लोकतंत्र, नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था और बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधारों को लेकर प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि संघर्ष और व्यवधान सहित वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के साथ मजबूत सहयोग का भी आहवान किया।

वैश्विक मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि युक्रेन और पश्चिम एशिया में संघर्षविराम के पक्ष में भारत के रूख की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि भारत और नॉर्डिक देश आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रूख रखते हैं और इसमें दोहरे मानदंडों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## श्रीलंका की यात्रा पर पहुँचे वायु सेना अध्यक्ष, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह




श्रीलंका (एजेंसी)। वायु सेना अध्यक्ष, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, कल रात श्रीलंका पहुँचे। उनका यह तीन-दिवसीय आधिकारिक दौरा दोनों पड़ोसी देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और सैन्य सहयोग को और मजबूत करने के उद्देश्य से है।

श्रीलंका वायु सेना के अनुसार, भारतीय वायु सेना प्रमुख 21 मई तक श्रीलंका में रहेंगे। इस दौरान, एयर चीफ मार्शल सिंह ने सोमवार को आईपीकेएफ स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।, इसके बाद कोलंबो स्थित एसएलएएफ मुख्यालय में उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

बाद में उन्होंने श्रीलंका के वायुसेना अध्यक्ष के साथ द्विपक्षीय वार्ता की, और श्रीलंका के उप रक्षा मंत्री तथा रक्षा सचिव से भी मुलाकात की।

यह दौरा हिंद महासागर क्षेत्र में भारत और श्रीलंका के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग के बीच हो रहा है। सिंह का 'टेंपल ऑफ द सेक्रेड टूथ रेलिक' यानी पवित्र दंत अवशेष मंदिर जाने और श्रीलंकाई सेना तथा नौसेना के प्रमुखों से मिलने का कार्यक्रम भी है।



## वैश्विक संकट और महंगाई के मुख्य प्रभाव

### ऊर्जा संकट और पेट्रोल-डीजल:

होर्मुज स्ट्रेट में तनाव के कारण कच्चे तेल के वैश्विक व्यापार में भारी उतार-चढ़ाव आया है। कई देश ऊर्जा उपलब्धता के संकट से जूझ रहे हैं। हालाँकि, भारत सरकार की नीतियों और तेल विपणन कंपनियों द्वारा भार वहन करने के कारण भारत में खुदरा पेट्रोल-डीजल की कीमतों (जैसे पिछले 4 महीनों में केवल ̧3.2: वृद्धि) को अन्य देशों (जैसे 50प्रतिशत-90प्रतिशत तक की भारी बढ़ोतरी वाले देशों) की तुलना में स्थिर रखा गया है।

### खाद्य और उर्वरक की महंगाई :

रूस-यूक्रेन संघर्ष और वैश्विक तनाव के कारण खाद व कच्चे माल की कीमतों में उछाल आया है। इसका असर भारत की खाद्य आपूर्ति श्रृंखला पर भी पड़ा थें।


### गरीबी पर असर:

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक तनावों के कारण विकासशील देशों में गरीबी का स्तर बढ़ सकता है, जिससे लाखों लोग प्रभावित हो सकते हैं।

### स्थानीय प्रभाव:

हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में भी अंतरराष्ट्रीय संकटों के कारण बढ़ रही महंगाई (पेट्रोल-डीजल, गैस और आवश्यक वस्तुओं के दाम) को लेकर चिंताएं जताई जा रही हैं, क्योंकि परिवहन और निर्माण लागत में वृद्धि होती है

– कमल पवार




जीत क्लासीफाइड

अपना क्लासिफाईड/ डिस्पले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करे।
9803025111, 8878400009

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्टर की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# गिरती हुई भारतीय मुद्रा को बचाने के लिए ब्रिक्स मुद्रा लाना बहुत जरूरी : राजिंदर डाबी

### विदेशों में कार्यरत जागरूक राष्ट्रीय मंच की भारत को पहलकदमी करने की अपील



लिसबन/पुर्तगाल/लुधियाना – (अशोक राही)– पिछले कुछ वर्षों में ब्रिक्स देशों द्वारा यूरोपियन संघ द्वारा चलाई जा रही यूरो मुद्रा की तर्ज पर एक सांझी ब्रिक्स मुद्रा जारी करने की चर्चा बहुत जोरों शोरों से चली थी जिसका इन देशों की अर्थव्यवस्था से जुड़े विशेषज्ञओं ने बहुत सराहना भी की थी जिससे अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा डॉलर पर निर्भरता कम होकर के विकास की गति को बढ़ावा भी मिलता लेकिन लगता है कि कुछ अज्ञात कारणों से यह मुद्दा ठंडे बस्ते में जाता दिखाई पड़ रहा है! इस बात की चिंता लुधियाना से सम्बंधित और इस समय लिसबन – पुर्तगाल से सारे यूरोप में कार्यरत व जागरूक राष्ट्रीय मंच के कन्वीनर राजिंदर डाबी ने प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री, वित्त मंत्री और मीडिया को जारी एक पत्र के माध्यम से जताई है!

उन्होंने कहा है कि गिरती हुई भारतीय मुद्रा को और गिरावट से बचाने के लिए ब्रिक्स मुद्रा की योजना को अमलीजामा पहनाना बहुत जरूरी है और चूँकि इस समय ब्रिक्स का नेतृत्व भारत के पास है इसलिए प्रधानमंत्री को पहलकदमी करते हुए इस बाबत सार्थक कदम जल्द से जल्द उठाने चाहिए ताकि इम्पोर्ट एक्सपोर्ट के धंधे से जुड़े लोगों को काम करने में आसानी हो और भारत की जनता को बढ़ती हुई महंगाई से राहत मिले! इस बाबत उनकी संस्था विदेशों में रह रहे अपने सदस्यों के माध्यम से सरकार को हर संभव सहयोग करने को आतुर हैं!

# डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन और गलाडा ने पंजाब की पहली एआई ट्रेनिंग लैब शुरू की।



जीत समाचार लुधियाना।

एमएलए दलजीत सिंह भोला ग्रेवाल, डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन और गलाडा के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर ओजस्वी अलंकार ने मंगलवार को स्कूल ऑफ एमिनेंस में मिलकर ''पढ़ाई एआई लैब'' शुरू की।

''पढ़ाई एआई लैब'' स्टूडेंट्स को एआई–पावर्ड एजुकेशनल एप्लिकेशन और डिजिटल लर्निंग टूल के जरिए कोडिंग, मैथ, साइंस, इंग्लिश और टेस्ट की तैयारी सीखने में मदद करेगी। यह लैब खास तौर पर स्कूल स्टूडेंट्स को उनके असाइनमेंट डिजिटल तरीके से पूरे करने में मदद करने के लिए डिजाइन की गई है, साथ ही इंटरैक्टिव और टेक्नोलॉजी–ड्रिवन लर्निंग तरीकों से उनकी समझ को भी बेहतर बनाया गया है।

यह पहल स्कूल में गलाडा, कोतिक, कोडिग और आईसीआईसी बैंक के साथ मिलकर जिला प्रशासन द्वारा बनाई गई अपनी तरह की पहली एआई इनेबल्ड लर्निंग लैब है। डिजिटल एजुकेशन पहल को और मजबूत करने के लिए जिला प्रशासन और कोनिक और कोडिग के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग भी साइन किए गए।

इवेंट को संबोधित करते हुए, डस।दलजीत सिंह भोला ग्रेवाल ने स्कूल में एआई लैब बनाने के लिए जिला प्रशासन और ळस्रक। की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार साल 2022 से शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार लागू कर रही है, जिससे राज्य भर के सरकारी स्कूलों में कायापलट हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के समय की जरूरत है और उन्होंने छात्रों को भविष्य के मौकों के लिए खुद को तैयार करने के लिए इस सुविधा का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने भी ओजस्वी अलंकार की पहल की तारीफ की और कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले सालों में देश के विकास में बड़ी भूमिका निभाएगा। उन्होंने छात्रों से एआई लैब के जरिए ज्यादा से ज्यादा ज्ञान और प्रैक्टिकल अनुभव हासिल करने का आग्रह किया।

गलाडा के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर ओजस्वी अलंकार, जो स्कूल एडवाइजर भी हैं, ने इस पहल को स्टूडेंट्स के लिए स्किल–बेस्ड एजुकेशन पाने और कॉम्पिटिटिव दुनिया में आगे रहने का एक सुनहरा मौका बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह के एक्सपोजर से स्टूडेंट्स को कॉलेज और यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने पर फायदा होगा। उन्होंने आगे कहा कि ये स्किल्स स्टूडेंट्स को आत्मनिर्भर बनने, जॉब ढूंढने वालों के बजाय जॉब क्रिएटर बनने और देश की टेक्नोलॉजिकल प्रोग्रेस में अहम योगदान देने में मदद करेंगी। उन्होंने इस पहल में एडमिनिस्ट्रेशन को सपोर्ट करने के लिए सीएससी पार्टनर्स को भी धन्यवाद दिया।

इस मौके पर गलाडा एस्टेट ऑफिसर अमन गुप्ता, म्युनिसिपल काउंसलर और एजुकेशन डिपार्टमेंट के अधिकारी भी मौजूद थे।

# डिजिटल सेंसस–2027: म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन लुधियाना के कर्मचारी– शुभम और साहिल ने चार दिन में सेंसस ड्यूटी पूरी करके मिसाल कायम कीय म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन



जीत समाचार लुधियाना।

लगन और कुशलता का शानदार नमूना दिखाते हुए, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन लुधियाना के कर्मचारी शुभम और साहिल ने 15 मई से 13 जून, 2026 तक तय डेडलाइन के बावजूद, सिर्फ चार दिन में अपनी दी गई सेंसस ड्यूटी पूरी कर ली।

म्युनिसिपल एडमिनिस्ट्रेशन ने उनके शानदार काम की बहुत तारीफ की है और इसे चल रहे डिजिटल सेंसस–2027 के काम में लगे दूसरे एन्यूमरेटर्स के लिए एक प्रेरणा देने वाली मिसाल के तौर पर देखा जा रहा है।

जन सेवा के प्रति उनकी सच्ची कोशिशों और कमिटमेंट को देखते हुए, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन कमिश्नर–कम–प्रिंसिपल सेंसस ऑफिसर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने शुभम और साहिल को तारीफ के सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। उन्होंने तय डेडलाइन से पहले काम पूरा करने के लिए उनकी तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस तरह का डेडिकेशन जिम्मेदारी की गहरी भावना दिखाता है और दूसरे कर्मचारियों को भी इसी तरह जोश और कुशलता से अपना काम करने के लिए मोटिवेट करता है।

इस मौके पर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के जॉइंट कमिश्नर–कम–सिटी सेंसस ऑफिसर विनीत कुमार, जोनल कमिश्नर जसदेव सेखों, सुपरिंटेंडेंट तरूण गोयल और दूसरे लोग मौजूद थे।

डिजिटल सेंसस–2027 के तहत, एन्यूमरेटर्स को घर–घर सर्वे करने और रहने वालों की घरों की डिटेल्ड लिस्टिंग जानकारी इकट्ठा करने के लिए हाउस लिस्टिंग ब्लॉक दिए गए हैं। सर्वे 15 मई को शुरू हुआ और 13 जून तक चलेगा। इस काम का मकसद भविष्य की प्लानिंग और डेवलपमेंट के लिए सही और अपडेटेड डेटा पक्का करना है।

अधिकारियों ने कहा कि सेंसस का काम समय पर पूरा होने से पूरी प्रक्रिया को आसान बनाने में मदद मिलती है और सर्वे को आसानी से लागू करना पक्का होता है।

इस बीच, म्युनिसिपल कमिश्नर डॉ. गुप्ता ने रहने वालों से एन्यूमरेटर्स के साथ सहयोग करने की अपील की। उन्होंने एन्यूमरेटर्स से सेंसस सर्वे जल्द से जल्द पूरा करने की भी अपील की और उन्हें मोटिवेट किया।

# अंडरग्राउंड बिजली सप्लाई प्रोजेक्ट का शुभारंभ



जीत समाचार संगरूर। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अपने पैतृक गांव सतोज से अंडरग्राउंड बिजली सप्लाई प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इससे गांवों की गलियां और खेत बिजली के तारों और खंभों से मुक्त हो जाएंगे।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## सेल्फ-डिफेंस ट्रेनिंग से लड़कियों का हौसला बढ़ता है: डीसी हिमांशु जैन



जीत समाचार लुधियाना (कमल पवार)। स्पोर्ट्स, फिजिकल एजुकेशन, फिटनेस और लीजर सेक्टर स्किल्स काउंसिल ने इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन के साथ मिलकर लुधियाना के मिनी गुरू नानक भवन में लड़कियों के लिए सेल्फ-डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन इस प्रोग्राम में चीफ गेस्ट के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर आईआरएफसी और एसपीईएफएल-एससी के अधिकारी और रिप्रेजेंटेटिव भी मौजूद थे।

इस पहल का मुख्य मकसद छात्राओं में सेफ्टी के बारे में जागरूकता पैदा करना, सेल्फ-कॉन्फिडेंस बढ़ाना और सेल्फ-डिफेंस स्किल्स को बढ़ावा देना था। प्रोग्राम के तहत, लुधियाना जिले के 20 सरकारी स्कूलों की क्लास 8 से 12 तक की छात्राओं को बेसिक सेल्फ-डिफेंस टेक्नीक, सिचुएशनल अवेयरनेस, पर्सनल सेफ्टी और कॉन्फिडेंस बिल्डिंग पर खास ट्रेनिंग दी गई।

इस प्रोग्राम के साथ ट्रेनिंग सीरीज का सफल समापन हुआ, जिसमें स्टूडेंट्स, टीचर्स, ट्रेनर्स और बुलाए गए मेहमानों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान, स्टूडेंट्स ने सीखी हुई अलग-अलग सेल्फ-डिफेंस टेक्नीक्स का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी दिया, जिससे उनका कॉन्फिडेंस, डिसिप्लिन और तैयारी दिखी।

वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए, डीसी हिमांशु जैन ने लड़कियों की सुरक्षा और एम्पावरमेंट के लिए इस पहल की तारीफ की और कहा कि सेल्फ-डिफेंस ट्रेनिंग से स्टूडेंट्स में आत्मनिर्भरता, कॉन्फिडेंस और जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में ऐसी ट्रेनिंग बहुत जरूरी है ताकि लड़कियां किसी भी मुश्किल हालात में अपनी सुरक्षा कर सकें।

उन्होंने कहा, "आज लड़कियों को दी गई स्पेशल सेल्फ-डिफेंस ट्रेनिंग का फिनाले बहुत तारीफ के काबिल था। इससे लड़कियों में आत्मनिर्भरता और हौसला बढ़ता है और भविष्य में किसी भी मुश्किल हालात का सामना करने की क्षमता बढ़ती है।"

आईआरएफसी के रिप्रेजेंटेटिव्स ने लड़कियों और स्कूलों से मिले पॉजिटिव रिस्पॉन्स की तारीफ की और यूथ डेवलपमेंट, एजुकेशन और महिला एम्पावरमेंट से जुड़े प्रोग्राम्स को सपोर्ट करते रहने का अपना कमिटमेंट दोहराया। वहीं एसपीईएफएल-एससी के प्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे प्रोग्राम न केवल पर्सनल सेफ्टी के बारे में जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि लड़कियों में फिजिकल फिटनेस, मेंटल स्ट्रेंथ, डिसिप्लिन और लीडरशिप क्वालिटीज डेवलप करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

# हिमांशु जैन ने डिपार्टमेंट्स को गेल के साथ कोऑर्डिनेशन बढ़ानेका निर्देश दिया




जीत समाचार लुधियाना।

डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने मंगलवार को गेल इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों के साथ एक जरूरी मीटिंग की, जिसमें जिले में नैचुरल गैस इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, एक्सटेंशन सर्विसेज, इंडस्ट्रियल सप्लाई और पब्लिक सेफ्टी उपायों की प्रोग्रेस का रिव्यू किया गया।

गेल ऑफिस में मीटिंग के दौरान, जनरल मैनेजर सुरिंदर पाल ने डिप्टी कमिश्नर और दूसरे सीनियर अधिकारियों का स्वागत किया और जिले में नैचुरल गैस पाइपलाइन के मौजूदा नेटवर्क पर एक डिटेल्ड प्रेजेंटेशन दिया। अधिकारियों ने कहा कि ळ।प्स जिले के अलग-अलग हिस्सों में घरों, कमर्शियल जगहों और इंडस्ट्रीज को साफ, सुरक्षित और एनवायरनमेंट-फ्रेंडली फ्यूल देने के लिए च्छळ नेटवर्क को मजबूत करने और बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहा है।

गेल टीम ने शहरी और ग्रामीण इलाकों में च्छळ कनेक्टिविटी बढ़ाने के मकसद से चल रहे और प्रपोज्ड एक्सपेंशन प्रोजेक्ट्स पर रोशनी डाली। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर को इंडस्ट्रियल यूनिट्स को नैचुरल गैस की सप्लाई के बारे में भी बताया, जो इस इलाके में साफ-सुथरे इंडस्ट्रियल ऑपरेशन को बढ़ावा देने और प्रदूषण के लेवल को कम करने में अहम भूमिका निभा रही है। अंडरग्राउंड गैस पाइपलाइनों के मेंटेनेंस और मॉनिटरिंग के लिए अपनाए गए सेफ्टी और सिक्योरिटी सिस्टम पर खास जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि कंज्यूमर्स को नैचुरल गैस की आसान और सुरक्षित सप्लाई पक्का करने के लिए एडवांस्ड मॉनिटरिंग सिस्टम और रेगुलर इंस्पेक्शन किए जा रहे हैं।

इंतजामों का रिव्यू करते हुए, डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने अंडरग्राउंड गैस पाइपलाइनों की सेफ्टी के बारे में लोगों को जागरूक करने की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने लोगों, कॉन्ट्रैक्टर्स, बिल्डर्स और अलग-अलग एजेंसियों से कोई भी खुदाई या खोदाई का काम करते समय सावधान रहने की अपील की।

डिप्टी कमिश्नर ने लोगों से यह भी अपील की कि कोई भी खुदाई का काम शुरू करने से पहले नेशनल टोल-फ्री नंबर 15101 पर जरूर कॉल करें ताकि अंडरग्राउंड गैस पाइपलाइनों की मौजूदगी का पहले से पता चल सके और किसी भी अनहोनी, गैस लीकेज या इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों के साथ-साथ जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर की सेफ्टी पक्का करने के लिए लोगों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने एनएचएआई, पीडब्लूडी, एमसीएसत्र सिंचाई, सीवरेज, वाटर सप्लाई समेत संबंधित डिपार्टमेंट को पाइपलाइन बढ़ाने के प्रोजेक्ट्स को आसानी से लागू करने और किसी भी ऑपरेशनल दिक्कतों को समय पर हल करने के लिए गेल अधिकारियों के साथ मिलकर काम करने का निर्देश दिया।

हिमांशु जैन ने ऑपरेशनल एक्सीलेंस के लिए गेल टीम की तारीफ की और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा के बहुत जरूरी होने पर जोर दिया। डिप्टी कमिश्नर ने भी उन्हें पूरे सपोर्ट का भरोसा दिलाया।

# 257 मतदान केंद्र संवेदनशील और 83 मतदान केंद्र अति संवेदनशील घोषित

जीत समाचार हमीरपुर (ब्यूरो)। जिला हमीरपुर में कुल 242 ग्राम पंचायतों के प्रधान और उपप्रधान के 484 पदों, पंचायत सदस्यों के 1376, बीडीसी सदस्यों के 119 और जिला परिषद सदस्यों के 19 पदों सहित कुल 1998 पदों हेतु 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।



उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव में जिला के कुल 3,63,699 मतदाता विभिन्न पदों के 4849 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इन मतदाताओं में 1,83,851 महिलाएं और 1,79,846 पुरूष हैं। थर्ड जेंडर के 2 लोगों के नाम भी मतदाता सूचियों में दर्ज हैं।

उन्होंने बताया कि 242 ग्राम पंचायतों के कुल 1376 वार्डों के लिए 1377 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विकास खंड भोरंज की ग्राम पंचायत कंजयाण के एक वार्ड के लिए दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं। अन्य सभी पंचायतों के प्रत्येक वार्ड के लिए एक-एक मतदान केंद्र होगा। प्रत्येक बूथ के मतदान दल में एक पीठासीन अधिकारी, दो मतदान अधिकारियों और एक सुरक्षा कर्मी सहित कुल 4 अधिकारी-कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। 1377 मतदान केंद्रों में से 257 को संवेदनशील और 83 मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील घोषित किया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि विकास खंड नादौन की 62 पंचायतों के 342 वार्ड हैं। यहां बीडीसी के 27 और जिला परिषद के 4 वार्ड हैं।

विकास खंड बिझड़ी की 49 पंचायतों में 287 वार्ड हैं। जबकि, बीडीसी के 23 और जिला परिषद के 4 वार्ड हैं।

विकास खंड बमसन की 25 पंचायतों में 135 वार्ड हैं। जबकि, बीडीसी के 15 और जिला परिषद के 2 वार्ड हैं।

विकास खंड भोरंज की 44 पंचायतों में 264 वार्ड हैं। जबकि, बीडीसी के 22 और जिला परिषद के 4 वार्ड हैं।

विकास खंड हमीरपुर की 38 पंचायतों में 218 वार्ड हैं। जबकि, बीडीसी के 17 और जिला परिषद के 3 वार्ड हैं।

विकास खंड सुजानपुर की 24 पंचायतों में 130 वार्ड हैं। जबकि, बीडीसी के 15 और जिला परिषद के 2 वार्ड हैं।

# 14 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

जीत समाचार शिमला(ब्यूरो)। जिला शिमला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत स्पैशल सैल शिमला और पुलिस थाना वेस्ट की टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 14 ग्राम चिट्टा/हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।
पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सोलन निवासी जय सिंगला ।सजव कार में शोगी से तारादेवी होते हुए शिमला की ओर चिट्टा सप्लाई करने आ रहा है। सूचना के आधार पर तारादेवी बाईफरकेशन क्षेत्र में नाकाबंदी कर वाहन की तलाशी ली गई, जहां से 14 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद हुआ। आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर वाहन भी कब्जे में ले लिया गया है।
इस मामले में पुलिस थाना वेस्ट में छक्वै ।बज की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है। शिमला पुलिस ने साफ संदेश दिया है कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।
युवाओं को नशे से बचाने और हिमाचल को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी है।

# शिमला से कोटखाई से मणिकर्णिका चौहान ने कराटे में जीते डबल गोल्ड, खेल जगत में इतिहास रच दिया है।



जीत समाचार शिमला(ब्यूरो)। शिमला जिले की कोटखाई तहसील की बेटी मणिकर्णिका चौहान ने खेल जगत में इतिहास रच दिया है। गाँव बनोगरा, डाकघर बखोल, तहसील कोटखाई की रहने वाली और रूट्स कंट्री स्कूल पंचकूला की कक्षा 5वीं की छात्रा मणिकर्णिका ने राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए डबल गोल्ड मेडल जीतकर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 के लिए क्वालीफाई किया है। मात्र 10 वर्ष की उम्र में मणिकर्णिका ने यह साबित कर दिया कि पहाड़ की बेटियाँ हौसलों से हिमालय जितनी मजबूत होती हैं।जिला स्तर पर इंदिरा गांधी परिसर शिमला में गोल्ड जीतने के बाद अब राज्य स्तर पर भी स्वर्ण पदक हासिल कर उन्होंने पूरे कोटखाई और हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। मणिकर्णिका अपनी इस सफलता का श्रेय अपने दादा श्री पदम देव चौहान और दादी श्रीमती गीता चौहान को देती हैं।उन्होंने बताया कि दादाजी रोज सुबह 4 बजे उठाकर अभ्यास करवाते थे और हमेशा कहते थे ।माता-पिता श्री अंकुश चौहान और श्रीमती सिम्पल चौहान ने भी बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है।इस सफलता के पीछे कोच श्री के. डी. जिंटा की मेहनत और मार्गदर्शन का भी बड़ा योगदान रहा है। अब मणिकर्णिका का अगला लक्ष्य राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतकर तिरंगा लहराना और भविष्य में ओलंपिक में भारत का नाम रोशन करना है।कोटखाई की इस बेटी ने साबित कर दिया कि अगर हौसले बुलंद हों तो गाँव की गलियों से निकलकर भी नेशनल तक पहुँचा जा सकता है।

# चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा निम्न क्षेत्रों में गैस सिलेंडर वितरण किया जाएगा




जीत समाचार चढ़ियार (रवि कुमार) ।कल दिनांक 20/05/2026 को चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा निम्न क्षेत्रों में गैस सिलेंडर वितरण किया जाएगा।
बंदियां, नागेहर, गोवाल, राजल, दादिन, पट, बच्चल, चौबीन, दुहक, कुनि, मढ़, खालेनू, कृष्णानगर, कुडैल, बिहोत तथा महाकाल लिंक रोड मनन स्कूल क्षेत्र में गैस सिलेंडर वितरण किया जाएगा।
कल हमारे कार्यालय या गोदाम से किसी भी प्रकार का सिलेंडर वितरण नहीं किया जाएगा।
अगर आपके कोई सुझाव या शिकायत हो, तो कृपया सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक निम्न नंबरों पर संपर्क करें। चढ़ियार गैस सर्विस 01894-257444, 01894-257666




# 24 मई को होगी यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, समय पर पहुंचे परीक्षार्थी

जीत समाचार मंडी(ब्यूरो)। जिला मुख्यालय मंडी में 24 मई (रविवार) को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विसेज (प्रारंभिक) परीक्षा-2026 आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय में चार परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें वल्लभ कॉलेज मंडी उप केंद्र-001, वल्लभ कॉलेज मंडी उप केंद्र-002, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला स्कूल बाजार मंडी उप केंद्र-003 तथा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (गर्ल्स) मंडी उप केंद्र-004 शामिल हैं।
एडीसी मंडी गुरसिमर सिंह ने बताया कि परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी। पहला सत्र सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा दूसरा सत्र दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक रहेगा। परीक्षा में कुल 1056 परीक्षार्थी भाग लेंगे।
उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक अभ्यर्थी अपने साथ ई-एडमिट कार्ड अवश्य लाएं। बिना ई-एडमिट कार्ड के किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा शुरू होने से ठीक 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्रों के गेट बंद कर दिए जाएंगे, जिसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।
उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों को अपने साथ पेन, एक वैध फोटो पहचान पत्र जैसे वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस, पारदर्शी पानी की बोतल तथा साधारण एनालॉग कलाई घड़ी लाने की अनुमति होगी। स्मार्ट वॉच अथवा किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक घड़ी परीक्षा केंद्र में प्रतिबंधित रहेगी।

# हमीरपुर में वाहनों की पासिंग और ड्राईविंग टेस्ट 20 को



जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरो)। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय हमीरपुर और एसडीएम कार्यालय हमीरपुर के अंतर्गत वाहनों की पासिंग और ड्राईविंग टेस्ट की तिथि 20 मई को निर्धारित की गई है।
क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजीव ठाकुर ने बताया कि हमीरपुर में 20 मई को सुबह साढे दस बजे से दोपहर दो बजे तक वाहनों की पासिंग होगी और दोपहर बाद ढाई बजे से सायं पांच बजे तक ड्राईविंग टेस्ट होंगे। उन्होंने संबंधित वाहनों के मालिकों और ड्राईविंग लाइसेंस के आवेदकों से 20 मई को निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

# इंदर कौर की हत्या की खबर ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया



पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री की उभरती हुई सितारा यशइंदर कौर जिन्हें दुनिया इंदर कौर के नाम से जानती थी, उनकी हत्या की खबर ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है. 19 मई 2026 को सिंगर और मेक-अप आर्टिस्ट यशइंदर कौर की लाश पंजाब के नीलो नहर में मिली, जैसे ही ये खबर सामने आई वैसे ही इंडस्ट्री से लेकर फैंस के बीच तक शोक की लहर दौड़ पड़ी. लेकिन अब उनकी मौत के बाद उनका आखिरी इंस्टा पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने एक ऐसा सवाल खड़ा किया है, जिसे सुनकर आपका दिमाग भी ठनक जाएगा. इस एक सवाल का जवाब अब हर कोई ढूंढ रहा है.

इंदर कौर के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर आखिरी पोस्ट सिंगर की लाश मिलने से ठीक 6 दिन पहले यानी 13 मई 2026 को किया गया है. इसमें सिंगर की एक स्टनिंग फोटो देखने को मिल रही है, जिसमें वो कैमरे के लिए कैंडिड पोज देती नजर आ रही हैं. तस्वीर में इंदर को ब्राउन शर्ट ग्लोइंग मेकअप के साथ झुकी हुई नजरों के साथ नजाकत दिखाते हुए देखा जा सकता है. फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने हार्ट इमोजी भी बनाई थीं. अब इसपर फैंस उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं, लेकिन इंदर कौर की इस आखिरी पोस्ट ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है.

दरअसल, इंदर कौर की ये पोस्ट पुरानी है जिसे उन्होंने 6 दिन पहले रीशेयर किया था. ये पोस्ट सिंगर ने 19 मई 2022 को पोस्ट की थी, लेकिन अब उनकी आखिरी पोस्ट ने ये सवाल खड़ा कर दिया है कि, जब वो 6 दिन पहले किडनैप हो गई थीं, तो इंस्टा पर पोस्ट कैसे डाली? इंदर की आखिरी इंस्टा पोस्ट ने ये बहुत बड़ा सवाल खड़ा किया है. फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है.

कौर की लाश मिलने से पहले के आखिरी पोस्ट पर ठनका फैंस का माथा, इस एक बात ने खड़ा किया बड़ा सवा...

प्दकमत झ्ंनत की लाश मिलने से पहले के आखिरी पोस्ट पर ठनका फैंस का माथा, इस एक बात ने खड़ा किया बड़ा सवाल

प्दकमत झ्ंनत की मौत से न सिर्फ पूरी पंजाबी म्यूज़िक इंडस्ट्री में मातम पसर हुआ बल्कि, उनके फैंस की आंखें भी नम हो गई हैं. इसी बीच सिंगर का आखिरी पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देखने के बाद फैंस का माथा ठनक गया है.

पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री की उभरती हुई सितारा यशइंदर कौर जिन्हें दुनिया इंदर कौर के नाम से जानती थी, उनकी हत्या की खबर ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है. 19 मई 2026 को सिंगर और मेक-अप आर्टिस्ट यशइंदर कौर की लाश पंजाब के नीलो नहर में मिली, जैसे ही ये खबर सामने आई वैसे ही इंडस्ट्री से लेकर फैंस के बीच तक शोक की लहर दौड़ पड़ी. लेकिन अब उनकी मौत के बाद उनका आखिरी इंस्टा पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने एक ऐसा सवाल खड़ा किया है, जिसे सुनकर आपका दिमाग भी ठनक जाएगा. इस एक सवाल का जवाब अब हर कोई ढूंढ रहा है.

इंदर कौर किडनैपिंग-एकतरफा प्यार और फिर खौफनाक अंत, कौन थीं 29 साल की इंदर कौर नहर में लाश मिलने से सदमे में पूरा पंजाब

इंदर कौर के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर आखिरी पोस्ट सिंगर की लाश मिलने से ठीक 6 दिन पहले यानी 13 मई 2026 को किया गया है. इसमें सिंगर की एक स्टनिंग फोटो देखने को मिल रही है, जिसमें वो कैमरे के लिए कैंडिड पोज देती नजर आ रही हैं. तस्वीर में इंदर को ब्राउन शर्ट ग्लोइंग मेकअप के साथ झुकी हुई नजरों के साथ नजाकत दिखाते हुए देखा जा सकता है. फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने हार्ट इमोजी भी बनाई थी. अब इसपर फैंस उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं, लेकिन इंदर कौर की इस आखिरी पोस्ट ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है.

दरअसल, इंदर कौर की ये पोस्ट पुरानी है जिसे उन्होंने 6 दिन पहले रीशेयर किया था. ये पोस्ट सिंगर ने 19 मई 2022 को पोस्ट की थी, लेकिन अब उनकी आखिरी पोस्ट ने ये सवाल खड़ा कर दिया है कि, जब वो 6 दिन पहले किडनैप हो गई थीं, तो इंस्टा पर पोस्ट कैसे डाली? इंदर की आखिरी इंस्टा पोस्ट ने ये बहुत बड़ा सवाल खड़ा किया है. फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है.

यशइंदर कौर म्यूजिक इंडस्ट्री के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव थीं और अक्सर अपनी ग्लैमरस फोटोज फैंस के साथ शेयर करती रहती थीं. उनकी इंस्टा प्रोफाइल को देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि, वो एक जिंदादिल इंसान थीं. बता दें कि, इंदर कौर ने 'अफगान जट्टी', 'सोहना लगदा', 'लानेदारनी', 'देसी सिरे दे' जैसे तमाम गाने दिए हैं.

